मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-373
05/08/2021

# टोक्यो ओलंपिक 2020 की कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने श्री रवि कुमार दहिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

**पटना, 05 अगस्त 2021 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर श्री रवि कुमार दहिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने श्री रवि कुमार दहिया को अपनी शुभकामना देते हुये कहा कि कुश्ती के प्रति उनका जुनून और उनके दृढ़ निश्चय ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है। उन्होंने करोड़ों देशवासियों का दिल जीता है। उनकी इस जीत से पूरा देश गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और भारत का नाम हमेशा रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******